आज

प्रयागराज, सोमवार १९ अक्टूबर, २०२६

तीन घरों से सोना-चांदी के आभूषण एवं नकदी सहित लाखों का सामान चोरी

चोरी के बाद गांव के बाहर बिखरा पड़ा सामान।

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पन्नोई गांव में चोरों ने एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। चोर तीनों घरों से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गये। पीडितों ने थाना पुलिस को तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने और सामान बरामद कराने की मांग की है।

पन्नोई निवासी राकेश कुमार के घर से चोर सोने का लाकेट, सोने की चेन और बच्चों के चांदी के आभूषण सहित अन्य जेवरात उठा ले गये। चोर घर में रखा संदूक खेत में ले गए और उसे तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। बाद में खेत में टूटा संदूक और कपड़े पड़े मिले। इसी गांव के रामदास पुत्र साहबदीन के घर में भी चोरों ने हाथ साफ किया। उनके घर से पायल, चेन और अन्य आभूषण के साथ करीब १५ हजार रुपये नकद चोरी हो गया। वहीं रामजी पुत्र सूरजपाल के घर से भी चोर चेन, चांदी के आभूषण और करीब १२ हजार रुपये नकद उठा ले गए। एक ही रात में तीन घरों में चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है। पीड़ितों ने पुलिस से चोरों का पता लगाकर चोरी गया सामान बरामद कराने की मांग की है।

खेत में बकरी जाने पर महिला को पीटा

करारी,कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के पारा हसनपुर गांव में बकरी के खेत में चले जाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि तीन लोगों ने गर्भवती महिला की पिटाई कर दी। मारपीट में महिला के पेट में चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

मूकबधिर किशोरी से किया छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

चायल,कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली रही मूकबधिर किशोरी के साथ गांव के युवक ने छेड़छाड़ किया। किशोरी की भाभी ने विरोध किया तो आरोपित ने उनके साथ गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

एक गांव की महिला ने बताया कि उनकी ननद मूकबधिर हैं। शनिवार की दोपहर करीब ११ बजे उनकी ननद घर में अकेली थीं। इसी दौरान गांव का बेनी प्रसाद पुत्र बरमदीन उनके पास पहुंचा। आरोप है कि उसने किशोरी के साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी। साथ ही गालीगलौज भी की। घटना की जानकारी होने पर उसकी भाभी ने आरोपित से इसकी शिकायत करते हुए उलाहना दिया। इस पर वह भड़क गया और वह उसे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर शिकायत की जांच में जुट गई है।

एसडीएम ने दुर्गा प्रतिमा स्थलों और रामलीला मैदान का किया निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण करते एसडीएम एवं सीओ।

करारी,कौशाम्बी। शारदीय नवरात्र और दशहरा पर्व को देखते हुए रविवार को एसडीएम और सीओ सदर ने दुर्गा प्रतिमा स्थलों और रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, बिजली और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

नगर पंचायत कार्यालय परिसर, सोनारन टोला स्थित रामलीला मैदान सहित विभिन्न गांवों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। वहीं, गुवारा तैयबपुर में ऐतिहासिक रामलीला का मंचन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राज कुमार मौर्य ने रामलीला स्थल पर व्यवस्थाएं देखीं और आयोजकों को साफ-सफाई समेत सभी जरूरी सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सीओ सदर सौरभ सामंत ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इस मौके पर विद्युत विभाग के एसडीओ रमाशंकर, जेई चंद्रिका प्रसाद मौर्य और करारी कोतवाल संजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जहरीले जंतु के काटने से मासूम की मौत, कोहराम

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के उमरवल गांव में जहरीले जंतु के काटने से मासूम की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

उमरवल गांव निवासी रमेश कुमार के पुत्र उत्कर्ष कुमार (०८) शनिवार की शाम किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे इसी दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को बच्चे की मां सुषमा देवी ने पिपरी थाने में प्रार्थना पत्र देकर घटना की जानकारी दी। उन्होंने पुलिस से नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

जेल से छूटते ही किशोरी को सोशल मीडिया पर किया बदनाम

कौशाम्बी। किशोरी से छेड़खानी के आरोप में जेल गए युवक ने बाहर आते ही पीडिता को परेशान करना शुरू कर दिया है। जेल से बाहर आते ही युवक ने इंस्टाग्राम पर पीडिता की फोटो डालकर उसको अपनी पत्नी बताना शुरू कर दिया। पीडिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र की एक किशोरी से सराय अकिल के बैर आमद करारी बसुहार गांव निवासी नीरज ने छेड़खानी की थी। किशोरी ने मामले की जानकारी परिजनों को दी तो आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वह जमानत पर बाहर घूम रहा है। जमानत पर आते ही नीरज ने किशोरी को दोबारा प्रताडित करना शुरू कर दिया। आठ अक्तूबर को नीरज ने पीडिता की फोटो अपने इंस्टाग्राम पर डालते हुए उसे अपनी माई वाइफ लिखा। यह पोस्ट उसने पीडिता से भी साझा की थी। पोस्ट देखते ही उसने अपने पिता को इसकी जानकारी दी। मामले की जानकारी चौकी पुलिस को दी गई। चौकी पुलिस ने नीरज से बातचीत की। करीब दस घंटे बाद उसने पोस्ट डिलीट की। प्रकरण में आगे की कार्रवाई नहीं हो रही थी। पिता ने मामले में एसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर पश्चिम शरीरा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है,आरोप सही पाये जाने पर कारवाई होगी।

चायल व्हाइट टाइगर्स ने मंझनपुर फाइटर्स को हराया

कौशाम्बी। टीचर्स प्रीमियर लीग के अपने दूसरे मैच में चायल व्हाइट टाइगर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लीग मुकाबले में मंझनपुर फाइटर्स को ३७ रन से पराजित कर दिया। चायल व्हाइट टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित १२ ओवर में छह विकेट के नुकसान पर १३६ रन बनाए। जवाब में मंझनपुर फाइटर्स की टीम निर्धारित १२ ओवर भी नहीं खेल पाई और ९९ रन पर सिमट गई। चायल व्हाइट टाइगर्स की जीत के नायक रघुनाथ द्विवेदी रहे, जिन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र २८ गेंदों में नाबाद ७९ रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में पांच चौके और आठ छक्के शामिल रहे।

उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। रघुनाथ ने गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए दो ओवर में १८ रन देकर एक विकेट हासिल किया। चायल व्हाइट टाइगर्स की ओर से रुद्र देव मिश्रा ने २० रन, महेंद्र सिंह ने १२ रन और मनोज ने १२ रन का योगदान दिया। इन रनों की मदद से १३६ रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंझनपुर फाइटर्स की ओर से संदीप सोनकर ने १८ गेंदों में २६ रन और कप्तान राजेश शुक्ला ने ११ गेंदों में २० रन बनाए। राकेश कुमार ने भी १४ गेंदों में १८ रन का योगदान दिया। पूरी टीम निर्धारित १२ ओवर से पहले ही ९९ रनों पर सिमट गई। चायल व्हाइट टाइगर्स की गेंदबाजी में नीरज सिंह ने दो ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट झटके। पुष्पेंद्र सिंह ने भी तीन ओवर में २६ रन देकर तीन विकेट हासिल किए। रघुनाथ द्विवेदी की विस्फोटक बल्लेबाजी और नीरज सिंह व पुष्पेंद्र सिंह की प्रभावशाली गेंदबाजी मैच का मुख्य आकर्षण रही।

कैकेयी के वरदान से राम को वनवास

गुवारा तैयबपुर की ऐतिहासिक रामलीला में राम वनगमन और केवट संवाद की लीला का हुआ मंचन

18 Oct 2026 02:03:18 AM
44R 565665 2806952
9MH3+48G
Noorpur Hazipur
Chail
Uttar Pradesh 212202
गुवारा गांव में रामलीला में मंचन करते कलाकार ।

करारी,कौशाम्बी। गुवारा तैयबपुर की ऐतिहासिक रामलीला में शनिवार की रात कैकेयी के वरदान, राम वनगमन और केवट संवाद की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन के अनुसार, राजा दशरथ ने एक दिन आईने में अपने बाल सफेद होते देखे। इसके बाद उन्होंने वानप्रस्थ आश्रम ग्रहण करने का विचार किया और गुरु वशिष्ठ से सलाह ली। गुरु के आदेश पर भगवान राम को राजा बनाने की तैयारियां शुरू हुईं। इसी बीच देवताओं ने मां सरस्वती से कैकेयी की बुद्धि बदलने की प्रार्थना की। इसके बाद कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान मांगते हुए भरत के लिए राजगद्दी और राम के लिए १४ वर्ष का वनवास मांग लिया। पिता के वचन की मर्यादा रखने के लिए भगवान राम वन जाने को तैयार हो गए। उनके साथ माता सीता और लक्ष्मण भी चल पड़े। राम के वनगमन के दौरान अयोध्यावासी भी उनके पीछे चलने लगे। आगे गंगा तट पर भगवान राम और निषादराज केवट के बीच हुए संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान दर्शक भावुक हो उठे। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष आकाश यादव, निर्देशक सुभाष विश्वकर्मा, कमलेश यादव, राम सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

दारानगर की २४७वीं ऐतिहासिक सजीव रामलीला के आठवें दिन रविवार शाम ब्राह्मण टोला में सीता हरण के प्रसंग का सजीव मंचन किया गया। कलाकारों ने सोने के हिरण से लेकर रावण के साधु वेश में पहुंचने, लक्ष्मण रेखा और माता सीता के हरण तक के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। रामलीला में दिखाया गया कि वनवास के दौरान भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण पंचवटी में कुटिया बनाकर रह रहे थे। इसी दौरान लंकापति रावण ने अपनी बहन शूर्पणखा के अपमान का बदला लेने के लिए माता सीता का हरण करने की योजना बनाई। उसने अपने मामा मारीच को सोने के हिरण का रूप धारण कर पंचवटी भेजा। स्वर्ण मृग को देखकर माता सीता मोहित हो गईं और भगवान राम से उसे पकड़कर लाने का आग्रह किया। माता सीता की इच्छा पूरी करने के लिए भगवान राम हिरण के पीछे चले गए। काफी देर तक वापस नहीं लौटे। लक्ष्मण ने उदास माता सीता को समझाया, लेकिन उनके बार-बार आग्रह करने पर जाने से पहले कुटिया के बाहर एक रेखा खींच दी। इसके बाद रावण साधु का वेश धारण कर कुटिया पहुंचा और भिक्षा मांगने लगा। लक्ष्मण रेखा के भीतर रहते हुए भिक्षा देने में असमर्थ होने पर माता सीता जैसे ही रेखा पार कर बाहर आईं, रावण ने अपना असली रूप दिखाया और उनका हरण कर लिया। वापस आने पर जब भगवान राम व लक्ष्मण ने सीता को कुटिया में नहीं पाया तो चिंतित हो गए और माता सीता को खोजने के लिए इधर-उधर दौड़ने लगे। सीता हरण के मार्मिक मंचन को देखकर दर्शकों की आंखों से आंसू निकल पड़े। मनौरी बाजार में श्रीराम लीला समिति मनौरी द्वारा आयोजित ऐतिहासिक रामलीला मंचन में मार्कंडेय महराज रामलीला कमेटी के कलाकारों ने शनिवार को कैकेई-मंथरा संवाद, कैकेई दशरथ-संवाद और श्रीराम वनवास लीला का भावपूर्ण मंचन किया।

दुर्गा पण्डाल की दान पेटी का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

महगांव,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अंतर्गत कसिया रोड पर दुर्गा पंडाल को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे करीब १२ से १३ हजार रुपये पार कर दिए। धार्मिक आयोजन स्थल पर हुई चोरी की इस वारदात से श्रद्धालुओं में नाराजगी है। वहीं घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नवरात्र के पावन अवसर पर कसिया रोड पर माता रानी की भव्य मूर्ति स्थापित कर विशाल पंडाल सजाया गया है। शनिवार रात यहां छप्पन भोग का आयोजन हुआ था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रात करीब दो बजे तक अधिकांश लोग अपने घर लौट गए जबकि दो-तीन लोग वहीं सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर दान पेटी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गये। सुबह नींद खुलने पर दान पेटी का ताला टूटा देखकर चोरी की जानकारी हुई। आयोजक अनिल कुमार केसरवानी के मुताबिक दान पेटी में करीब १२ से १३ हजार रुपये रखे थे। धार्मिक आयोजन स्थल पर हुई इस घटना से लोगों में नाराजगी है। अब सवाल उठ रहा है कि रात में पुलिस की गश्त के बावजूद चोरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने घटना की जांच कर चोरों का पता लगाने और रात्रि गश्त प्रभावी बनाने की मांग की है।

गिट्टी सप्लाई के विवाद में डम्पर मालिक-चालक को पीटा, तीन पर मुकदमा दर्ज

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के कसेंदा गांव में गिट्टी सप्लाई को लेकर हुए विवाद में डंपर मालिक और उसके चालक को हमलावरों ने पीट दिया। साथ ही मालिक के कार का शीशा तोड़ दिया। पीडित डंपर मालिक की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चित्रकूट जिले के पहाड़ी थानाक्षेत्र अंतर्गत लोहदा गांव निवासी अजय कुमार पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि वह डंपर से कौशांबी क्षेत्र में गिट्टी सप्लाई करते हैं। उनका डंपर शुक्रवार को गिट्टी लेकर प्रयागराज के एयरपोर्ट क्षेत्र में गया था। आरोप है कि झलवा के हाथी चौराहा निवासी शमसुल ने चालक पारस यादव को वहां से वापस कर दिया। साथ ही दोबारा गाड़ी लेकर नहीं आने की चेतावनी दी। चालक के लौटने पर आरोपित कार से पीछा करते हुए कसेंदा गांव तक पहुंच आए। सूचना मिलने पर डंपर मालिक भी वहां आ गए। आरोप है कि शमसुल ने अपने साथी राहिल और पुष्पराज के साथ मिलकर डंपर मालिक व चालक की पिटाई कर दी। साथ उनकी स्कार्पियो का शीशा भी डंडे से तोड़ दिया। आरोप है कि हमलावरों ने परिवहन और खनिज विभाग से डंपर सीज भी करा दिया। डंपर मालिक ने बताया कि चालान भरने के कारण वह अगले दिन थाने पहुंचे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

माता सीता का हरण कर ले गया लंका पति रावण

नूरपुर गांव में रामलीला में मंचन करते कलाकार ।

चायल,सराय अकिल,कौशाम्बी। विकास खंड नेवादा के नूरपुर गांव में चल रही रामलीला में मरीच रूपी मृग का आखेट सूर्पनखा का नाक कान काटना रावण द्वारा सीता का हरण और रावण जटायु युद्ध का मंचन कलाकारों के माध्यम से किया गया। इस मंचन को देख जय श्रीराम की जय घोष से रामलीला पंडाल गूंज उठा। श्रीराम के ऋंगवेरपुर पहुंचने के बाद निषाद राज ने उनका आदर सत्कार किया। गंगा पार कर राम लक्ष्मण और सीता मुनि भारद्वाज के आश्रम पहुंच कर उनकी सेवा सत्कार कर आशीर्वाद लिया। वहां से चित्रकूट होते हुए उन्होंने दंडकारण्य वन पंचवटी में कुटिया बना कर रहने लगे । जहां पर सूर्पणखा नाम की राक्षसी राम पर मोहित हो गई और उसने एक सुंदरी का रूप धारण कर श्रीराम से विवाह का प्रस्ताव रखा। राम के मना करने पर वह सीता को डराने के लिए आगे बढ़ी जिस पर लक्ष्मण ने उनकी नाक काटकर उसे घायल करते हुए कुरूप बना दिया। इस व्यथा को उसने अपने भाई रावण से बताया। यह जानकर रावण क्रोधित हुआ और उसने सीता के हरण की योजना बना डाली। रावण साधु का भेष बनाकर सीता की कुटिया में भिक्षा मांगने पहुंच गया और छल करते हुए उसने सीता का हरण कर पुष्पक विमान से लंका ले जा रहा था। रास्ते में सीता का विलाप सुनकर गिद्धराज जटायु ने रावण से युद्ध किया लेकिन रावण ने उसके पंख काट कर उसको घायल कर दिया। इस मौके पर धीरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध उपाध्याय, राजेंद्र प्रसाद, आत्माराम गुप्ता, श्याम बाबू ,निरंजन चौधरी, लोधौर चौकी की समस्त फोर्स मेले की सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रही।

सराय अकिल कस्बे में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला को दर्शकों की इतनी भीड़ हो गई कि बैठने के लिए जगह नहीं मिली, शनिवार को शिव धनुष व परशुराम संवाद देखने के लिए गांव गांव के लोग रामलीला मंच चावल मंडी पहुंचे जहां दर्शकों को बैठने के लिए जगह तक नहीं मिली भीड़ हजारों की तादाद में एकत्रित हुए। रामलीला में रावण बाणासुर संवाद एवं धनुष यज्ञ की लीला हुई। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि प्रसंग के अनुसार महाराज जनक ने अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर के लिए प्रतिज्ञा की कि जो भी राजा शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा उसी के साथ पुत्री सीता का विवाह होगा। इस बात को सुनकर देश-विदेश के अनेक राजाओं ने स्वयंवर में भाग लिया। इसी के चलते लंकाधिपति रावण ने अकेले में मौका देखकर धनुष को उठाने का प्रयास किया। परंतु उठाना तो दूर उसकी अंगुली धनुष के नीचे आ गई। यह नजारा बाणासुर ने देखा तो दोनों के मध्य तीखी नोंक झोंक हुई। स्वयंवर में सभी राजाओं ने अपनी ओर से जोर आजमाइश की परंतु किसी ने भी धनुष तो उठाना दूर उसे हिला भी नहीं सके। निराश होकर सभी राजा वापस लौट पड़े। जिसपर राजा जनक चिंतित होकर कहा कि यह पृथ्वी वीरों से खाली है यह बात सुनकर सभा में बैठे लक्ष्मण क्रोधित हुए। राजा जनक की यह बात लक्ष्मण जी को काफी नागवार लगती है। वह राजा जनक से कुछ कहने को होते है, लेकिन भगवान श्रीराम उन्हें शांत होने का इशारा कर देते हैं। राजा जनक की मायूसी देखकर ऋषि गुरु विश्वामित्र जी के इशारा करने पर भगवान श्रीराम शिवजी के धनुष को उठाकर तोड़ देते हैं। माता सीता भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डाल देती हैं। महाराजा दशरथ अपने पुत्र भारत एवं शत्रुघ्न के साथ मिथिला पहुंचकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत, एवं शत्रुघ्न के विवाह में शामिल होते हैं।उधर धनुष टूटने की खबर को सुनकर बादल की गर्जना के साथ परशुराम का आगमन होता है और परशुराम जी से राम एवं लक्ष्मण का संवाद होता है। कस्बा मे रामलीला मंच पर श्री राम के हाथों शिव धनुष टूटते ही दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारा लगाने लगे,जिसमें पदाधिकारी में रामलीला कमेटी अध्यक्ष गोपाल केसरवानी संरक्षक कृष्ण नारायण रस्तोगी कोषाध्यक्ष शंकर लाल केशरवानी महामंत्री अनिल कुमार केशरवानी मंच व्यवस्थापक संतोष सोनी दीपक श्रीवास्तव सदस्य सतीश जायसवाल निखिल केसरवानी नरोत्तम दास अग्रहरि पूर्व सभासद सुमित केसरवानी रमेश सोनी आदि लोग मौजूद रहे। रामलीला मैदान पर इंस्पेक्टर ज्ञान सिंह ने चावल मंडी में अपने पुलिस स्टाफ को तैनात किया

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को २३ को मिलेगा विशेष आकस्मिक अवकाश

कौशाम्बी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं शासन द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड स्नातक के निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-२०२६ के लिए उत्तर प्रदेश के सभी कर्मचारी, जो विश्वविद्यालय स्नातक हैं और, जो स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचनों के लिए बोनाफाइड मतदाता हैं, को मताधिकार के प्रयोग के लिए मतदान दिवस दिनांक २३.१०.२०२६ को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किये जाने संबंधी निर्देश निर्गत किए गए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शालिनी प्रभाकर ने निर्देशों के अनुपालन में सर्वसाधाराण को सूचित किया है कि सभी कर्मचारी, जो विश्वविद्यालय स्नातक हैं और जो स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचनों के लिए बोनाफाइड मतदाता हैं, को मताधिकार के प्रयोग के लिए मतदान दिवस दिनांक २३.१०.२०२६ को विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जाता है।

पराली चुराने का आरोप लगाकर किया लहूलुहान

कौशाम्बी। कोखराज के करेंटी निवासी हंसराज पुत्र गया बोध ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को करीब ११ बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही विनोद कुमार अपने भाई प्रदीप यादव व पत्नी के साथ मौके पर आ गया। विनोद ने उस पर पराली चुराने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो उसको पीटना चालू कर दिया। लाठी डंडा से उसको मारापीटा गया। शोर मचने पर उसकी मां सुमन देवी मौके पर पहुंची और उसे बचाने का प्रयास किया तो उनको भी मारापीटा। गांव के लोग एकजुट होने लगे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

छात्रा को लेकर युवक परिजनों के साथ फरार

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र की एक छात्रा को लेकर युवक गायब हो गया है। युवक अपने परिजनों के साथ घर छोड़कर फरार हुआ है। घर पर ताला बंद है। युवक व उसके परिजनों के मोबाल बंद हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोखराज थाना क्षेत्र की एक युवती कालेज में पढ़ती है। भरवारी नगर पालिका के नेहरू नगर पानी टंकी निवासी उमेश कुमार पुत्र राजकुमार से उसकी जान-पहचान थी। दोनों मोबाइल पर बातचीत किया करते थे। १४ अक्तूबर को युवती कालेज के लिए निकली,लेकिन लौटकर घर वापस नहीं आई। इससे परिजन परेशान हो गए। देर शाम परिजनों ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी।

आरोप लगाया कि उमेश कुमार उसकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। इस मामले में उमेश के परिजनों की भी अहम भूमिका है। बताया कि बेटी को भगाने के बाद उमेश के पिता राजकुमार, मां सविता देवी और चाचा रमेश घर छोड़कर फरार हैं। सभी लोग एक साथ गायब हुए हैं। घर पर ताला बंद करने के बाद सभी लोगों ने अपने मोबाइल भी बंद कर लिए हैं।

परम्परागत ढंग से कन्या पूजन

कौशाम्बी। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्रि वर्ष २०२६ मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग एवं मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय कोइलहा में दीप प्रज्वलन कर कन्या पूजन किया गया। सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, द्वारा मिशन शक्ति अभियान २०२६, कन्या पूजन एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारी शक्ति नारी सम्मान व स्वालंबन पर बालिकाओं को जानकारी देते हुए उन्हें प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के जनपद में संचालन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन शक्ति, शिक्षा के महत्व सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाएं एवं रोजगार के अवसर, बालिकाओं को आगे बढ़ने, अपने दायित्वों पर ध्यान देकर,अनुशासन में रहते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचने सहित महत्व पूर्ण जानकारी प्रदान कर बालिकाओं का उत्साह वर्धन करते हुए नारी शक्ति ,नारी सम्मान व स्वावलंबन के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ,जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा २५० से अधिक कन्याओं को फल चुनरी एवं उपहार, लंच पैकेट व अल्पाहार प्रदान कर कन्या पूजन किया गया। महिला कल्याण विभाग के कर्मचारियों द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त महत्वपूर्ण योजनाओं के पंपलेट वितरण कर जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे जिला प्रोबेशन अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारा महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार ,महिला कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं बालिकायें उपस्थित रही।

खेत जा रही महिला की नाक से सोने की कील नोची, बदमाश फरार

कौशाम्बी। कौशाम्बी थाना क्षेत्र के मेड़रहा गांव के बाहर नहर के पास शनिवार दोपहर बाइक सवार दो बदमाशों ने खेत जा रही महिला की नाक से सोने की कील नोच ली। विरोध और शोर मचाने पर बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मेड़रहा गांव निवासी गनेशिया देवी अपनी बेटी के साथ धान पीटने के लिए खेत जा रही थीं। दोपहर करीब २:१५ बजे हीरो स्प्लेंडर सवार दो युवक पहुंचे और गांव व बकरी के बारे में पूछताछ करने लगे। इसी दौरान पीछे बैठा युवक बाइक से उतरा और महिला की नाक से सोने की पुल्ली नोचकर भाग निकला। इससे उनकी नाक में चोट आ गई। बेटी ने डिब्बा फेंककर बदमाशों को रोकने की कोशिश की, लेकिन दोनों फरार हो गए। महिला के अनुसार, पीछे बैठा आरोपी लाल शर्ट पहने था, जबकि बाइक चालक ने नीली शर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उप निरीक्षक राम बाबू को जांच सौंपी है।

सुबह-शाम की ठंड ने बढ़ायी अस्थमा के मरीजों की परेशानी

कौशाम्बी। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। सुबह और शाम की ठंड के साथ दोपहर में तेज धूप अस्थमा के मरीजों की परेशानी बढ़ा रही है। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सांस लेने में तकलीफ, खांसी, सीने में जकड़न और सांस फूलने जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। मेडिकल कॉलेज के चेस्ट विभाग में रोजाना १५ से २० मरीज सांस संबंधी समस्याओं से पीडित होकर पहुंच रहे हैं। मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय के चेस्ट फिजिशियन डॉ. संजीव सिंह ने बताया कि मौसम में बदलाव होने के दौरान अस्थमा के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। ठंडी हवा, धूल और धुएं के संपर्क में आने से सांस की नलियों में सूजन बढ़ सकती है, जिससे मरीजों को सांस लेने में परेशानी होती है। ऐसे में मरीजों को अपनी दवाएं नियमित रूप से लेनी चाहिए और चिकित्सक की सलाह के बिना दवा बंद नहीं करनी चाहिए। सुबह-शाम ठंड से बचाव करना और धूल-धुएं से दूर रहना भी जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि अस्थमा के मरीज अचानक तापमान में बदलाव के दौरान विशेष सावधानी बरतें। यदि सांस लेने में अधिक परेशानी हो, सीने में तेज जकड़न महसूस हो या निर्धारित दवा से राहत न मिले तो तत्काल चिकित्सकीय सहायता लें। मौसम के बदलते मिजाज से परेशान मरीज रामखेलावन, पवन कुमार और अमरेश कुमार भी सांस संबंधी परेशानियों से चिंतित हैं। मरीजों का कहना है कि सुबह-शाम ठंड और दिन में गर्मी के कारण परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में नियमित उपचार और सावधानी बरतना जरूरी हो गया है।

पूजा करने जा रही महिला को बेरहमी से पीटा

कौशाम्बी। संदीपनघाट के उजिहिनी आइमा गांव की पूनम देवी पत्नी अजीत गुरुवार की सुबह पूजा करने जा रही थी। पानी बहाने को लेकर उसकी देवरानी सविता व छोटू उर्फ जगदीश ने गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। वह कुछ नहीं बोली। शुक्रवार को जब वह पूजा के लिए निकली तो उसको दोबारा गाली-गलौज किया। इसका उसने विरोध किया तो सविता व छोटू उर्फ जगदीश ने उसको लाठी व डंडा से जमकर पीटा। इससे उसको चोटें आई। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह बीचबचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस ने पूनम देवी की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर थानेदार से बात किया गया तो उनका कहना है, कि तहरीर मिली है केस दर्ज करा दिया गया है, जांच किया जा रहा है।

अखण्ड सुहाग के लिए महिलाओं ने की महागौरी स्वरूप की पूजा

मां शीतला के दर्शन के लिए कतार में लगे लोग ।

कड़ा,कौशाम्बी। ५१शाक्तिपीठ कडाधाम में नवरात्रि के आठवें दिन भक्तों ने मां महागौरी स्वरूप की विधिवत पूजा की। सुबह से ही कडाधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।ऐसा माना जाता है कि महागौरी की पूजा से सभी पापो से मुक्ति मिलती है और अंखड सुहाग के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है अष्टमी के दिन माता दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा का विधान हैं। देवी भागवत पुराण में बताया गया हैं कि मां के ९रूपो और १० महाविद्या सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप है।लेकिन महादेव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी हमेशा विराजमान रहती है।मां दूर्गा के इस स्वरूप की पूजा करने से सोमचक्र जाग्रत होता है और हर असंभव कार्य पूरे होते है। ज्यादातर घरो में इस दिन कन्या पूजन किया जाता हैं और कुछ लोग नवमी के दिन पूजा अर्चना करने के बाद कन्या पूजन करते है। अष्टमी तिथि को मां गौरी को नारियल या नारियल से बनी चीजे का भोग लगाया जाता हैं।भोग लगाने के बाद नारियल को ब्राह्मण को दे दें और प्रसाद स्वरूप भक्तों में बांट दें। कन्या पूजन के समय भक्तों को गुलाबी रंग के वस्त्र पहनना चाहिए। मां गौरी ने अपनी तपस्या से इन्होंने गौर वर्ण प्राप्त किया था।उत्पति के समय यह आठ वर्ष की थी इसलिए इन्हें नवरात्रि के आठवें दिन पूजा जाता हैं।अपने भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप है।जो लोग नवरात्रि के नौ दिन व्रत नही रख पाते हैं वह केवल अष्टमी के दिन व्रत रखते हैं और नवमी के दिन कन्या पूजन करते है तो उन्हें नौ दिन के व्रत के बराबर फल मिलता है।